[ 24/12/2021]

प्रश्न सं. [ क्र. 836 ]

परिशिष्ट - अ

# पुलिस मुख्यालय, मध्यप्रदेश, भोपाल

क्रमांक/पु0मु0/19/भवन/5/25/2020 भोपाल दिनांक 20/02/2020

प्रति,

प्रबंध संचालक,
मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंचरना विकास निगम
भोपाल।

विषय :– प्रशासकीय भवनों के निर्माण से संबंधित नवीन डीपीआर बनाया जाने के संबंध में।

सन्दर्भः– इस कार्यालय का पत्र क्रमांक/पु0मु0/19/भवन/3/14–पी/ दिनांक 18–11–2019

..............................

कृपया विषयांकित संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। दिनांक 8.11.2019 को अति. महानिदेशक योजना के कक्ष में म0प्र0पु0हा0का0 की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। समीक्षा बैठक में निर्णय लिया गया था कि प्रशासकीय भवनो के निर्माण हेतु नवीन डीपीआर बनाया जाना है। जिसमें निम्न प्रशासकीय भवन शामिल किए जाने हैं:–

1– पुलिस अधीक्षक कार्यालय
2– सेनानी कार्यालय
3– अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कार्यालय, नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय
4– नवीन थाना/चौकी (शासन व्दारा स्वीकृत)
5– यातायात थाना, चौकी, हाईवे चौकी (शासन व्दारा स्वीकृत)
6– पुलिस लाईन में आवश्यक प्रशासकीय भवन

उपरोक्त संबंध में सभी प्रशासकीय भवनों का भौतिक सत्यापन कर जिन भवनों की स्थिति अत्यन्त जर्जर एवं जीर्ण शीर्ण अवस्था में है उनकी जगह नवीन भवन का प्रस्ताव स्पष्ट कारण सहित एवं प्रशासकीय भवनों के निर्माण हेतु विवाद रहित उपलब्ध भूमि की जानकारी भिजवाने हेतु समस्त विशेष पुलिस महानिदेशक, समस्त अति0 पुलिस महानिदेशक, समस्त पुलिस महानिरीक्षक जोन एवं समस्त पु.म.नि. विसबल एवं निदेशक एफएसएल सागर को **प्रपत्र–1 एवं प्रपत्र–2 में** जानकारी भिजवाने हेतु लिखा गया था। ताकि डीपीआर बनाने हेतु सूची म0प्र0पु0हा0का0 को उपलब्ध कराई जा सके।

उपरोक्त संबंध में लेख है कि संबंधितों की ओर से जानकारी प्राप्त की गई। प्राप्त जानकारी के आधार पर **प्रपत्र–1 एवं प्रपत्र–2 में** जानकारी संलग्न कर डीपीआर बनाने हेतु आपकी ओर भेजी जा रही है। कृपया (डीपीआर) स्पायरल बाईडिंग सहित 15 प्रतियों में तैयार करवाकर भिजवाने का सादर अनुरोध है।

(पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा अनुमोदित)
संलग्न–उपरोक्तानुसार

20-02-2020
अति0 पुलिस महानिदेशक (योजना)
पुलिस मुख्यालय, भोपाल

स्मरण पत्र

# पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश, भोपाल

क्रमाक/पुमु/योजना/19/5/72-A/2021 दिनांक 29/11/2021

प्रति

प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम
भोपाल मध्यप्रदेश

**विषय** :-प्रशासकीय भवनों के निर्माण के संबंधित नवीन डीपीआर बनाये जाने के संबंध में।
संदर्भ :- क्रमांक/पुमु/19/भवन/5/25/2020/भोपाल दिनांक 20/02/2020

कृपया उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें। जिसमें माध्यम से प्रशासकीय भवनों के निर्माण से संबंधित नवीन डीपीआर बनाये जाने हेतु समस्त पुलिस इकाईयों से प्राप्त प्रस्तावों की सूची तैयार कर आपकी ओर प्रेषित की गई थी।

अतः उपरोक्त संबंध मे लेख है कि प्रेषित सूची अनुसार डीपीआर आज दिनांक तक आपेक्षित है। कृपया प्रेषित प्रस्तावों के आधार पर डीपीआर तैयार कर इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें। जिससे प्राप्त प्रस्वातों की स्वीकृति हेतु डीपीआर को शासन की ओर प्रेषित किया जाए।

29.11.21
(योगेश शर्मा)
सहायक पुलिस महानिरीक्षक (संपदा)
पुलिस मुख्यालय भोपाल